दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः- 133
मुरादाबाद
(Tuesday)
03 September 2024
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# मुरादाबाद में सीएम योगी: संवेदनशील पुलिस ही पीड़ित की पीड़ा कर सकती है कम, भर्ती परीक्षा बेहतर ढंग से संपन्न

ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुरादाबाद के दौरे पर हैं। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इससे पहले डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। सीएम को दौरे को देखते हुए सुरक्षा कड़ी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद में डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी मनायोग से काम करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील पुलिस ही पीड़ित की पीड़ा कम कर सकती है।उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा को पूरी निष्पक्षता से संपन्न कराया गया है। सीएम को दौरे को देखते हुए जिले भर में सुरक्षा कड़ी की गई है। डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत परेड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर 74 डिप्टी एसपी पास आउट हुए। इनमें 18 महिला एवं 56 पुरुष अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान अंतः कक्षीय विषयों, बाह्य कक्षीय विषयों में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इनमें सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार ट्रेनी डिप्टी एसपी प्रखर पांडेय, अन्तःकक्षीय विषयों में सर्वोत्तम का पुरस्कार ट्रेनी डिप्टी एसपी आकांक्षा पांडेय, बाह्य विषयों में सर्वोत्तम का पुरस्कार ट्रेनी डिप्टी एसपी उदित नारायण पालीवाल को प्रदान किया गया। इसके अलावा परेड कमांडर ट्रेनी डिप्टी एसपी उदित नारायण पालीवाल को भी मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम के बाद सीएम ने मुरादाबाद में जिले की 401 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम लगभग साढ़े चार घंटे का समय शहर में बिताएंगे। वह रोजगार मेले में भी शामिल होंगे जहां युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके बाद भाजपा नेताओं के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारी फोर्स की गई तैनात- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा को लेकर आर्यभट्ट स्कूल से लेकर शहर में डेढ़ हजार पुलिस फोर्स के अलावा ढाई कंपनी पीएसी तैनात की गई है। इससे पहले डीआईजी मुनिराज जी ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। एसएसपी सतपाल अंतिल ने रविवार की रात आर्यभट्ट इंटर नेशनल स्कूल में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। सुरक्षा के लिए 10 एएसपी, 30 सीओ 55 एसएचओ और इंस्पेक्टर, 300 दरोगा, 900 पुलिसकर्मी और 2.5 कंपनी पीएसी की टुकड़ियां तैनात की गई हैं। छह घंटे शहर में नहीं आएंगी रोडवेज बसें- योगी के मुरादाबाद दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने में जुटा है।



सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने रूट डायवर्जन करने का निर्णय लिया है। सोमवार को कार्यक्रम समाप्त होने तक तक रोडवेज की बसें बदले मार्ग से चलाई जाएंगी। इसके लिए शहर से बाहर अस्थायी बस अड्डे बनाए गए हैं। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सोमवार सुबह दस बजे से लेकर कार्यक्रम संपन्न होने तक मुरादाबाद से बरेली और रामपुर जाने वाली बसों का संचालन, रामपुर दोराहा, दलपतपुर जीरो प्वाइंट पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इन बसों का संभल कट बिलारी मार्ग के अंडरपास होते हुए पंडित नगला हनुमान मूर्ति होते हुए संचालन किया जाएगा। इसी तरह रोडवेज बस अड्डे से बिजनौर की ओर जाने वाली बसों का संचालन सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक रेलवे स्टेशन, पीलीकोठी, पीएसी तिराहा, अगवानपुर मार्ग से नहीं जाएंगी। इन बसों का संचालन शेरुआ चौराहा, टीएमयू पाकबड़ा होते हुए संभल कट, पंडित नगला, हनुमान मूर्ति होते हुए होगा। यातायात पुलिस की ओर से परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को इस संबंध में पहले ही पत्र भेजा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ की समन्वय बैठक में उठा कोलकाता की घटना का मुद्दा, जातीय जनगणना को बताया संवेदनशील विषय

आरएसएस की बैठक में बंगाल, वायनाड और तमिलनाडु में हुई घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की गई। बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर भी चिंता जताई गई और सरकार से इन मामलों में कदम उठाने का आग्रह किया। केरल में चल रही आरएसएस समन्वय बैठक में पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के खिलाफ हिंसा की घटना का भी मुद्दा उठा। बैठक में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना की निंदा करते हुए इसे %बहुत दुर्भाग्यपूर्ण% बताया गया। आरएसएस समन्वय बैठक में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय में तेजी लाने के लिए कानूनों और दंडात्मक कार्रवाई की समीक्षा की मांग की। संघ की बैठक में महिला सुरक्षा को लेकर पांच मोर्चों पर चर्चा की गई, जिसमें कानूनी, जागरूकता, संस्कार, शिक्षा और आत्मरक्षा शामिल है। इन मोर्चों को लेकर महिला सुरक्षा के लिए संघ द्वारा देशभर में अभियान चलाया जाएगा। संघ की बैठक में बताया गया कि पिछले साल संघ ने राज्य और जिले में 472 महिला सम्मेलन आयोजित किए गए। जिसमें महिलाओं के मुद्दों, पश्चिमी फेमिनिज्म और भारतीय चिंतन पर चर्चा की गई। आरएसएस की बैठक में बंगाल, वायनाड और तमिलनाडु में हुई घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की गई। बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर भी चिंता जताई गई

## कांग्रेस का सेबी अध्यक्ष पर बड़ा हमला; कहा- एक साथ तीन जगहों से तनख्वाह ले रही थीं माधबी पुरी बुच





पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि देश में इस समय शतरंज का खेल जारी है। इस खेल का असली खिलाड़ी कौन है, इस पर अभी हम कोई अंतिम निर्णय नहीं ले पाए हैं, इसके मोहरे अलग-अलग हैं। ऐसे ही एक मोहरा माधबी पुरी बुच हैं। अदाणी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग के सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासत तेज है। अब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सेबी की चेयर पर्सन माधबी पुरी बुच पर नए आरोप लगाए हैं। पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आरोपों के साथ ही कई सवाल भी किए हैं। उन्होंने पूछा कि सेबी की चेयरमैन रहते हुए भी माधबी पुरी बुच आईसीआईसीआई बैंक से कैसे और क्यों तनख्वाह ले रही थीं? पवन खेड़ा ने दावा किया कि माधवी ने 2017 से 2024 तक 16.80 करोड़ रुपये लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि माधबी पुरी बुच एक साथ तीन जगहों से वेतन ले रही थीं। इसमें ICICI बैंक, ICICI प्रुडेंशियल और SEBI शामिल है। पवन खेड़ा ने किए बड़े-बड़े दावे- कांग्रेस के मीडिया और प्रचार-प्रसार प्रमुख पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि देश में इस समय शतरंज का खेल जारी है। इस खेल का असली खिलाड़ी कौन है, इस पर अभी हम कोई अंतिम निर्णय नहीं ले पाए हैं, इसके मोहरे अलग-अलग हैं। ऐसे ही एक मोहरा माधबी पुरी बुच हैं। आईसीआईसीआई बैंक से आय पर भी सवाल किए- कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आगे कहा कि माधबी पुरी सेबी की सदस्य थी, बाद में वे सेबी की चेयरपर्सन बनी। वे 2017 से 2024 तक आईसीआईसीआई बैंक से नियमित आय ले रही थीं। खेड़ा ने यह भी कहा कि ईशॉप पर जो टीडीएस था वो भी यही बैंक दे रही थी। यह खुले तौर पर सेबी का के नियमों का उल्लंघन है। खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि अगर उनके भीतर थोड़ी भी शर्म है तो इस्तीफा दें। पवन खेड़ा ने कहा कि सेबी की भूमिका शेयर बाजार को विनियमित करना है जहां हम सभी अपना पैसा निवेश करते हैं। इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सेबी के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है? यह कैबिनेट की नियुक्ति समिति है। प्रधानमंत्री हैं और गृहमंत्री अमित शाह सेबी के अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए इस समिति में दो सदस्य हैं। खेड़ा ने कहा कि सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने 2017 से 2024 के बीच आईसीआईसीआई बैंक से 16 करोड़ 80 लाख रुपये की नियमित आय ली। आप उस दौरान सेबी की पूर्णकालिक सदस्य भी थीं। फिर आप आईसीआईसीआई से वेतन क्यों ले रही थीं?

हिंडनबर्ग ने भी लगाए थे आरोप- गौरतलब है कि इससे पहले, अदाणी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने दावा किया था कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी ग्लोबल डायनामिक ऑपर्चुनिटी फंड में हिस्सेदारी है। हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि इसी कंपनी में गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी ने अरबों डॉलर का निवेश किया है। आरोप है कि इस पैसे का इस्तेमाल ही शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया। फिलहाल इन आरोपों पर सेबी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हिंडनबर्ग का आरोप है कि अदाणी मामले की जांच का जिम्मा सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच पर ही था, जबकि उन्हीं की कंपनी में विनोद अदाणी ने भारी-भरकम निवेश किया था।

## अनुप्रिया पटेल ने कहा : विधानसभा उपचुनाव में पूरी ताकत से जुटेगा अपना दल, एनडीए कार्यकर्ताओं को दिलाएंगे जीत

सोमवार को प्रयागराज में आयोजित अपना दल एस के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यूपी में दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में उनकी पार्टी



के कार्यकर्ता एनडीए उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। कितने सीटों पर अपना दल लड़ेगा इस सवाल को वह टाल गईं। अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यूपी में दस विधानसभा की सीटों पर होने वाले उप चुनाव में अपना दल एस के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटेंगे और एनडीए के प्रत्याशियों को विजयी बनाएंगे। सिंबल चाहे जो हो और टिकट चाहे जिसको मिले, अपना दल के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के साथ रहेंगे।सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं अनुप्रिया पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उनका जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि 17 अक्तूबर को अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आज की बैठक में इसकी रूपरेखा तैयार की गई है। पत्रकारों ने सवाल किया कि अपना दल के कार्यकर्ता कितने सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तो वह सवाल को टाल गईं और कहा कि एनडीए के उम्मीदवार ही चुनाव लड़ेंगे। उनकी पार्टी पूरी ताकत और निष्ठा के साथ उम्मीदवारों को जिताने के लिए जोर लगाएगी। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने भी कहा कि उप चुनाव में टिकट किसको मिलेगा यह एनडीए के नेता आपस में बैठकर तय करेंगे। फिलहाल अपना दल के कार्यकर्ता एनडीए उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। सभी दस सीटों पर एनडीए की जीत होने वाली है।

## वाराणसी में बुलडोजर एक्शन से नाराज सपाइयों का मौन सत्याग्रह, अखिलेश यादव ने X पर किया था ये पोस्ट

वाराणसी में सड़क चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को गांधी चबूतरा और बारत माता मंदिर को बुलडोजर से ध्वस्त कराया गया। जिसको लेकर सपा कार्रकर्ताओं में रोष है। वाराणसी के रोहनियां में बुलडोजर की कार्रवाई से सपाइयों में आक्रोश है। समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को संगठन के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित के नेतृत्व में मैदागिन टाउनहाल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष मुंह पर काली पट्टी बांधकर सत्याग्रह शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि सरकार काशी को क्योटो बनाने के नाम पर विरासत को खत्म करने का काम कर रही है। इसे बर्दश्त नहीं किया जाएगा।बता दें कि रोहनिया में सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से गांधी चबूतरा व भारत माता मंदिर पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया था। मामले को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर नाराजगी जताई थी। सपाइयों ने इस फैसले को अनुचित कदम बताते हुए अब सड़कों पर उतर कर लड़ाई शुरू कर दी है। भाजपा सरकार वाराणसी की विरासत को ही खंडित कर देना चाहती है। कहा कि यूपी सरकार के फैसले से क्षुब्ध होकर हम समाजवादी मौन सत्याग्रह कर रहे हैं। किशन दीक्षित ने कहा कि गांधी चबूतरा और भारत माता मंदिर को सिर्फ तोड़ा ही नहीं गया बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को समाप्त करने की कोशिश की गई है। पिछले साल राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ व गांधी विद्या संस्थान परिसर को भी ध्वस्त करके जबरन कब्जा किया गया। विकास के नाम पर काशी की धरोहर और प्रतीक चिह्नों को लगातार नष्ट करके काशी की संस्कृति, इतिहास पर हमला किया जा रहा है। इसी तरह भाजपा सरकार ने कॉरिडोर निर्माण के नाम पर काशी की प्राचीन पहचान को मिटा दिया है और शहर के आध्यात्मिक-धार्मिक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है। गांधी प्रतिमा के पास सपा कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी व हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। तख्तियों पर %क्योटो के सपने पर बुलडोजर की योजनाएं, काशी की धरोहर गिर रही है और भाजपा के वादे टूट रहे हैं, गांधी की विरासत तो गिरा दोगे लेकिन उनके विचारों को कैसे मिटाओगे% जैसे स्लोगन के जरिए सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह किया। मौन सत्याग्रह में रविकांत विश्वकर्मा, संदीप मिश्रा, राहुल गुप्ता, रोहित यादव, महेंद्र सिंह, अहमद रजा कमाली, पप्पू यादव, शानू सिन्हा आदि रहे।

## संपादकीय Editorial

### History of Divyang daughters

This time the Divyang daughters of the country have also made India proud by becoming champions and medal winners. It is a strange coincidence that Manu Bhaker opened India's account by winning a medal in the Olympics and Avni Lekhara made this series golden by winning a gold medal in the Paralympics too. Both the players are shooters. In the Paralympics, the physical handicap of the Divyang daughters, their helplessness, inability and being handicapped could not stop their sports skills and in the Paris Paralympics too the daughters became medal winners. Avni Lekhara of Rajasthan created history when she won the gold medal in shooting in the Paris Paralympics after Tokyo. The competitions are still left. This time Avni's goal is that she will return home only after winning a 'golden hat-trick'. She has promised this to her father. This is not impossible either, because in the Tokyo Paralympics Avni won three medals including two gold medals. If she succeeds in her goal, she will be the first disabled woman shooter of India and Asia. In shooting, Mona Agarwal from Rajasthan has set another milestone by winning a bronze medal. Today Mona is 37 years old and a mother of two children, but she still remembers the moment when she left home because she was being pressured to get married. Before 2016, Mona did not even know that Paralympic games also exist. Just 3 years of experience in shooting made her a Paralympic medal winner. Could anyone have ever imagined that a disabled runner daughter would participate in a 100 meter race and become a bronze medal winner in the Paralympics? More or less we had not imagined such a thing, but Preeti Pal from Meerut achieved this goal and performed an 'unprecedented feat'. The father rejected all contradictions by selling milk and putting everything at stake and making his disabled daughter a Paralympic medal winner. We cannot forget the game of Rubina Francis in shooting. She also won a bronze medal. Salute to these daughters! Well done! Imagine, a daughter became disabled in an accident. Nature itself gave birth to someone disabled. Some were left half-crippled due to illness. Some have a completely paralyzed lower body, some have no legs, some have one arm and leg deformed, some have had to get artificial limbs. How much pain, how much torture and how much stress these sportswomen daughters must have gone through! Despite that, they have achieved these successes by defeating international competitors. Wow! Champion daughters of the country! Here we remember 17-18 year old Sheetal Devi of Jammu and Kashmir, who does archery by pulling the bowstring with her mouth and toes. While doing so, she scored 703 and broke the previous world record of 698. It is a different matter that her world record was broken by one point during the game itself. Of course, Sheetal could not become a medal winner and fell short by one point, but looking at her accurate archery, it seems as if some divine power resides within her! All these daughters have become medal winners, but they are also living history. They are also inscriptions in history. These players have worked tirelessly, have gone through struggles, the economic conditions were also not good, yet they have hoisted the Indian 'tricolour' and 'Jan Gana...' also echoed during the Paralympics. These are not small achievements. Of course, the government is giving financial help to these players. They have been given training at the international level, yet the talent is of the players, which is setting new standards. Even now India is at the 20th position in the Paralympics. Right now medals seem certain in badminton, javelin throw and other competitions, yet to come in the category of excellence, we will have to select such daughters.

# Infection: The crisis is not just about MPox... Conflict areas can once again become the epicentre of health crisis

The challenge of MPox has become more complex in African countries already grappling with conflict, displacement and collapse of health infrastructure. It is not easy to detect people suffering from MPox infection. Due to fear and stigma, patients do not seek medical help immediately after symptoms appear. Its major symptoms include painful rash, fever, muscle pain and sore throat. Misinformation is spreading rapidly. Doctors and other healthcare workers are not only struggling to fight the disease, but they are also grappling with bigger problems over which they have little control. dangerous the disease is to individual the factors that exacerbate such crises, political and economic challenges of beyond public health. The Democratic and COVID-19. Now it is at the Congo has recorded more than 17,000 of cases and deaths on the continent. and the collapse of health and deadly Coronavirus outbreak.




The resurgence of MPox has reminded the world how and community health. But less attention has been paid to especially in Africa. These are worsened by the wider socio- many African countries, exposing vulnerabilities that extend Republic of Congo has faced outbreaks of cholera, Ebola epicenter of the Coronavirus outbreak that has swept Africa. cases and more than 500 deaths this year, the highest number These regions, already struggling with conflict, displacement infrastructure, are facing the additional stress of a widespread The challenge is compounded by the emergence of new Coronavirus strains. Any physical contact can lead to transmission of the virus. That means crowded camps of hundreds of thousands of people displaced by armed conflict are potential hotspots for mass disease outbreaks. These displaced families are dealing with the trauma of conflict, and now they must deal with the disease as well. Healthcare workers across the country, who are the front line defenders in the fight against Coronavirus, are struggling to provide care with limited resources. Warfare between armed rebels and the country's military has destroyed infrastructure and severely affected access to essential services. The situation is particularly dire in South Kivu, plagued by displacement and human rights violations. Ampox is particularly dangerous for young children. More than 1.1 million children under the age of five and about 605,000 pregnant or breastfeeding women in Congo face high levels of acute malnutrition between July 2023 and June 2024. Many have to rely on their immune systems to fight off infection. Until the social, political and economic problems plaguing these populations are addressed, ampox will not be eradicated from the region. Although the World Health Organization (WHO) and Africa's CDC have declared ampox a public health emergency, the measures taken so far are inadequate to address a crisis of such magnitude on the continent. The distribution of the ampox vaccine has been uneven. The high cost of vaccines could further hamper disease prevention efforts, especially in South Kivu, where the need is greatest. WHO has allowed its partners, such as UNICEF and Gavi, the global vaccine alliance, to purchase the AmPox vaccine before it has been formally approved by WHO, which is a step in the right direction. The lessons of the AmPox outbreak are clear—health crises cannot be managed effectively without addressing the broader social context. The world must recognize that in places like Congo, where conflict and disease are intertwined, public health interventions must be combined with efforts to resolve conflict, rebuild communities and restore dignity to affected people. In the absence of such an interconnected response, conflict areas could once again become epicentres of health crises.

# Paris Paralympics: Youth going into depression should take inspiration from Avni Lekhara

Avani Lekhara of Jaipur has set a new record by winning two gold medals in shooting competition in two consecutive Paralympics for India. Along with sports, Avni has also got strength from Ramcharitmanas. Avni Lekhara of Jaipur has set a new record by winning two gold medals in shooting competition in two consecutive Paralympics for India. Along with sports, Avni has also got strength from Ramcharitmanas. Avni's father Praveen Lekhara himself told this. Father Praveen told that Avni repeats the verse of Ramcharitmanas 'Kavan so kaaj kathin jag maahi. Jo nahin hoi taat tumh paahi.' While going to Paris Paralympics, Avni Lekhara has taken this verse written on paper. If a child becomes a victim of an accident at the age of disability, then his morale will be broken, but while going from Jaipur to Dholpur, Avni, who suddenly came on a wheelchair. It seemed that surrounded her from all sides, but the family Lekhara boosted her morale. After the Tokyo Paris Paralympics and has instilled a new disappointed somewhere in life. When the accident and was immersed in despair, then the One day to entertain himself, he took her to the amateur shooting. However, the challenges were The family also did not have resources. The



just 11 years and spends the rest of his life in Avni Lekhara is an exception. In the year 2012, was seriously injured in a horrific road accident, there was no hope in life ahead. Despair supported her. Especially father Praveen Paralympics, Avni won the gold medal in the confidence in all those people who have been daughter came on a wheelchair after a road father encouraged her towards rifle shooting. shooting range. In the year 2015, Avni started as big as a mountain. Avni was also very young. facilities for shooting in Jaipur were also not adequate. In the beginning, Avni had trouble even lifting the rifle. When Avni played her first match, she did not even have her own rifle. She won the gold medal with a borrowed rifle. The year 2016 brought a new dawn in Avni's life. She won three gold medals in competitions, which led to her selection for international tournaments. In the year 2017, Avni opened the first World Cup in UAE and brought pride to the country by winning the silver medal. Avni became the first Indian woman to win a gold medal in Tokyo Paralympics. She is the first Indian to win two medals (one gold and one bronze) in a Paralympics. Avni is also the first Indian Olympian to win gold medals in two consecutive Paralympic Games. Avni is an inspiration for today's young generation, which gets disappointed with the slightest failure. Goes into depression. The youth who are going into depression today can learn from Avni's life. Avni's family supported her a lot. Because of that support, Avni has reached this position. Therefore, it is the responsibility of every family to not leave their children alone. Show the right path to the child. Every child has some amazing qualities hidden in him. They just need to be brought out. After the family, it is the responsibility of the society to give direction to the children. After the society comes the government. If the child gets the right path from these three institutions, then the entire scenario of the country will change. Today, millions of youth in India are victims of depression. Some become addicts to drugs and some even commit suicide. Just like Avni Lekhara takes inspiration from Ramcharitmanas, Manu Bhaker, who won two bronze medals in the Paris Olympics, regularly reads the Shrimad Bhagavad Gita. Youth can learn from the lives of these two players. If they get the right path and the power of spirituality, then our youth have the passion to conquer the world.

## Monsoon and snakes: Snakebite havoc in India and rural population struggling with snakes

According to the report of the Central Health Investigation Bureau (2016-2020), the average annual frequency of snakebite cases in India is about 3 lakhs and about 2000 deaths occur due to snakebite. While the truth is that no one has the actual number of deaths due to snakebite in India, the sight of a snake sends a shudder in the body. This natural reaction of humans can be understood as to how dangerous a snake hiding in bushes, grass and burrows is. During these rainy days, it is the season for cultivation of paddy etc. and this is the most risky time for snakebite. Actually, snakebite incidents mostly occur in rural areas. Common farmers or agricultural workers and children are most affected by this. Children often have to suffer more serious effects than adults, because their body weight is smaller. Bites of poisonous snakes can cause death in a short time, paralysis, breathing problems, fatal bleeding due to bleeding disorders, irreversible kidney failure, permanent disability due to tissue damage and amputation. This problem is mainly of developing countries and especially of agrarian rural and forest tribes. This problem not only creates a health crisis but also has social and economic impact. But this problem is not taken as seriously as other incidents of human wildlife conflict at any level. Perhaps that is why World Health - Half of the world's snakebite deaths occur in India - According to the World Health Organization's estimate, every year 50.40 lakh people are bitten by snakes across the world and 81,410 to 1,37,880 people die due to snakebite and lakhs of people suffer from disability and other serious diseases. This figure of India is even more shocking. However, there is a huge difference in the figures of the Union Health Ministry, World Health Organization and National Crime Records Bureau on snakebite. Yet, according to the details released by the government at the time of the launch of the National Action Plan for Prevention and Control of Snakebite Deaths in India on 12 March 2024, out of about 3-4 million snakebites every year, about 50,000 deaths occur in India, which is half of all snakebite deaths globally. Meanwhile, only a small proportion of snakebite victims report to clinics and hospitals in different countries and the actual burden of snakebite is very under-reported. According to the Central Bureau of Health Investigation report (2016-2020), the average annual frequency of snakebite cases in India is about 3 lakh and about 2000 deaths are due to snakebite. While the truth is that no one has the actual number of snakebite deaths in India, because these incidents mostly occur in rural areas and forest settlements and people waste time on witchcraft and home remedies for snakebite. If the snakebite is not treated on time, the person bitten by the snake loses his life. As the cases do not reach the police and hospital, they are not reported.

# मुरादाबाद को मिली 400 करोड़ रुपये की सौगात, सीएम योगी बोले- किसानों और निर्यातकों को मिल रहा है लाभ



मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीमुरादाबाद में 400 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। यह प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक बनेगा। उन्होंने बताया कि तीन महीने के अंदर विकास को पंख लग गया है। मूंढापांडे हवाई अड्डे से अब उड़ान की सेवा शुरू होने का लाभ यहां के किसानों और निर्यातकों को मिल रहा है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा। उन्होंने कहा कि विकास के पंख लगाने के लिए सरकार के पास विजन होना चाहिए। इसलिए ऐसे जनप्रतिनिधियों और सरकार को चुनने की जरूरत है।मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले की प्रदेश में सपा सरकार के अपराधीकरण को रेखांकित कर सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार और नौकरियां मिल रहा है। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट का लाभ भी मुरादाबाद वालों को मिलने की बात कही। वहां फिल्मसिटी बनाने का लाभ भी गिनाया। गंगा एक्सप्रेस वे के फायदे मुख्यमंत्री ने गिनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी सरकार ने दी है। उन्होंने कहा कि बैंक लोन देने का अनुपात 60 प्रतिशत पहुंच गया है। उन्होंने सपा के चाचा भतीजा रिश्ते को वसूली का कारखाना बताकर अप्रत्यक्ष रूप से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोगों को दूसरे प्रदेशों में सम्मान मिला है। अब तक सरकार ने साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरियां दी है। उन्होंने पुलिस अकादमी में 74 डिप्टी एसपी को नौकरी देने की उपलब्धि भी गिनाए। उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन कराने का उल्लेख किया। कहा कि आगामी दिनों में सात लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश देश का दूसरा बड़ा आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य है और अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश देश का नंबर एक और सबसे अग्रणी मजबूत आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कांग्रेस, सपा पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को साकार कर रही है। उन्होंने मुरादाबाद में गुरू जंभेश्वर के नाम पर बन रहे सरकारी विश्वविद्यालय को मुरादाबाद के विकास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद नये और विकसित भारत में अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आपको सोचना है कि सुरक्षा और सम्मान की सरकार के साथ रहना है या दंगाईयों और अपराधियों के समर्थन करने वालों का साथ देना है यह आपको सोचना और समझना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ ऐसी सरकार है जो आपके बच्चों के हाथ में पढ़ाई के लिए टैबलेट और एंड्रॉयड मोबाइल फोन दे रही है तो दूसरी ओर तमंचा और गोली बंदूक थमाकर अपराध की ओर ले जाने वाले हैं। कहां जाना है आप तय करें। उन्होंने प्रदेश में खिलाड़ियों को भी मजबूती और सफलता की उपलब्धि गिनाई। उन्होंने कहा कि हर काम देश के नाम और देश के लिए होना चाहिए। यही संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचप्राण पर चलने का आह्वान किया है। हमें वही मार्ग चुनकर स्वामी विवेकानंद और अन्य महापुरुषों के सपनों का विकसित भारत बनाने में जुटना होगा।

## यूपी पुलिस को मिले 74 नए डिप्टी एसपी, CM योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अकादमी में ली परेड की सलामी

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार यानि आज मुरादाबाद के भ्रमण पर हैं। सीएम योगी सुबह 10ण्40 बजे मुरादाबाद पहुंचे। सीएम योगी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे डिप्टी एसपी के बैच की पासिंग आउट परेड की सलामी ली।



प्रशिक्षण प्राप्त एसपी पास 18 महिला एवं अधिकारी प्रशिक्षु प्रखर सर्वोत्तम का गया। साथ ही एक साल से इनडोर-प्रशिक्षण ले रहे उपाधीक्षकों सम्मानित योगी सभी को बधाई ड्यूटी के दौरान काम करें। चुनौतियां कभी अकादमी से कर 74 डिप्टी आउट हुए। इनमें 56 पुरुष शामिल हैं। पांडेय को सर्वांग पुरस्कार दिया सीएम योगी ने अधिक समय से आउटडोर का 74 पुलिस को चिह्न भेंट कर किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने देते हुए कहा कि सभी मनायोग से पुलिस सेवा में खत्म नहीं होती हैं। पुलिस बल को हमेशा मुकाबले में डटकर खड़े रहना तथा कर्तव्य की बेदी पर स्वयं को अर्पित करना ही होता है। उत्तर प्रदेश सुशासन के एक मॉडल के रूप में देश के अंदर देखा जा रहा है। इसमें एक बड़ी भूमिका उत्तर प्रदेश के हमारे बहादुर जवानों के द्वारा निष्ठा से की गई सेवा का है। आज ऋह्वद्यद्द शद्ध ह्रड्ड2 के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपने परसेप्शन को बदलने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा को पूरी निष्पक्षता से संपन्न कराया गया है।

## शक में गई एक और जान: प्रेमिका से पत्नी बनी महिला की गला घोंटकर हत्या, सात साल पहले की थी शादी... पति गिरफ्तार

मुरादाबाद। मझोला में किराए के घर में रहने वाले दंपती के बीच विवाद हो गया। गुस्से में पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों से सात साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों अलग-अलग समुदाय के थे। मझोला थाना क्षेत्र के गागन चौराहा हुलशनगंज स्थित किराए के घर में रह रहे युवक ने शनिवार को पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के आरोपी पति अपनी सात साल की बेटी को लेकर घर से भाग गया। रात में घर लौटे मकान मालिक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे पत्नी पर शक था, इसीलिए मार डाला। ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के सुरजननगर निवासी साबिया खातून उर्फ साक्षी चौहान ( 30 वर्ष ) ने गांव के ही अंकुर चौहान से नौ साल पहले घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। इसके बाद साबिहा ने अपना नाम साक्षी रख लिया था। सात साल पहले साक्षी ने एक बेटी दुआ को जन्म दिया था। शादी करने के बाद से दोनों अपने परिवार से अलग गागन चौराहा हुलशनगंज में किराए का कमरा लेकर रहने लगे थे। पहले अंकुर मजदूरी करता था, लेकिन काफी समय से वह कोई काम नहीं कर रहा था। साबिहा उर्फ साक्षी फर्म में नौकरी करके घर चलाती थी। इसको लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था। शनिवार सुबह मकान मालिक अपने घर कुंदरकी चला गया। इसके बाद अंकुर का साक्षी से विवाद हो गया और गुस्से में आकर उसने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह अपनी बेटी को लेकर घर से चला गया। शनिवार देर रात करीब 12 बजे मकान मालिक कुंदरकी से लौटकर आया तो अंकुर को आवाज दी। कोई उत्तर नहीं मिलने पर मकान मालिक ने अंकुर के कमरे में झांका को साक्षी का शव पड़ा था। मकान मालिक की सूचना पर थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। थोड़ी देर में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ सुनीता दहिया भी पहुंच गईं। फोरेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार सुबह अंकुर घर लौट आया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि हुई। संदेह होने पर थाना प्रभारी ने अंकुर चौहान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अंकुर ने बताया कि उसकी पत्नी एक फर्म में काम करती थी। उसे छोड़ने के लिए दो युवक अक्सर आते थे। इस बारे में पूछने पर पत्नी उल्टा-सीधा जवाब देती थी। इससे नाराज होकर उसने हत्या कर दी। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में दफन किया गया शव नौ साल पहले प्रेम विवाह करने वाली साबिहा उर्फ साक्षी का शव रविवार को सुरजननगर पहुंचा। उसके पति अंकुर ने ही उसकी हत्या कर दी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि एक वर्ष पहले अंकुर चौहान ने अपना धर्म परिवर्तन कर अपना नाम अयान अंसारी रख लिया था। अपनी पत्नी साबिहा हत्या करने के बाद वह सुरजननगर जाकर छिप गया था। पोस्टमार्टम के बाद साबिहा का शव सुरजननगर पहुंचा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच परिजनों ने साबिहा के शव को दफन किया। वह परिजनों ने बेटी को इन्साफ दिलाने की मांग की।

## मेडिकल छात्रा के 30 से अधिक फर्जी अकाउंट किए तैयार, अश्लील फोटो कर दिए वायरल, तनाव में आई पीड़िता

मुरादाबाद निवासी छात्रा के इंस्टाग्राम पर 30 से अधिक फर्जी अकाउंट बना दिए गए। इसके बाद उसकी अश्लील फोटो पोस्ट कर दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही छात्रा तनाव में आ गई और उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने राजस्थान निवासी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।बीएएमएस तृतीय वर्ष की छात्रा के नाम से राजस्थान के युवक ने इंस्टाग्राम पर 30 से अधिक फर्जी अकाउंट बना लिया। इन अकाउंटों से युवक ने आपत्तिजनक वीडियो और फोटो अपलोड कर दिया। जिसे लेकर तनाव में आई छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास भी किया। छात्रा के पिता की तहरीर पर मझोला पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर की एक युवती मेरठ में रहकर बीएएमएस तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। चार वर्ष पहले वह नीट की कोचिंग करने के लिए कोटा गई थी। इस बीच उसकी पहचान रजत यादव से हो गई।बहला-फुसलाकर उसने छात्रा का मोबाइल नंबर और फोटो हासिल कर लिया। इसके बाद उसने छात्रा को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि रजत ने करीब एक साल में छात्रा के नाम से इंस्टाग्राम पर 30 से अधिक फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर दिया। उसके पास छात्रा का आधार कार्ड भी है। उसने छात्रा के आधार कार्ड पर अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवा लिए हैं। इन खातों का वह साइबर अपराध में इस्तेमाल करता है। पिछले एक साल से छात्रा काफी मानसिक तनाव झेल रही है। छात्रा ने कई बार आत्महत्या का प्रयास भी किया था। इस मामले में पुलिस ने रजत यादव के खिलाफ आईटी एक्ट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी के रोजगार मेले में आ रही दिव्यांग महिला की मौत, नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी

मुरादाबाद। जिले में जिस रोगजार मेले का सीएम योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया है, उसमें शामिल होने आ रहीं दो दिव्यांग महिलाओं में से एक की हादसे में मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला और बाइक चला रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। अमरोहा की रहने वाली शाहीन परवीन और फूल जहां दिव्यांग हैं। ये दोनों महिलाएं मुरादाबाद में रामपुर रोड पर जीरो प्वाइंट स्थित आर्य भट्?ट स्कूल में पंजीकरण कराने आ रही थीं। दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे बाईपास रामगंगा नदी पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई।

### दोस्त ने आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल किए तो छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास, नीट की तैयारी दौरान कोटा में हुई थी दोनों की दोस्ती

मुरादाबाद। छात्रा के मोबाइल से चोरी छिपे आपत्तिजनक फोटो-वीडियो चुराकर दोस्त ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। विरोध करने पर आरोपी ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी की हरकतों से आहत होकर युवती ने कई बार आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के निवासी छात्रा के पिता ने दी तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी तीन साल से टीएमयू में बीएएमएस की छात्रा है। उनकी बेटी चार साल पहले नीट की तैयारी करने के लिए कोटा ( राजस्थान ) गई थी। कोटा से वापस लौटने के बाद टीएमयू में दाखिला लिया था। चार साल पहले युवती की दोस्ती कोटा के ही रहने वाले रजत यादव से हुई थी। इसी बीच रजत ने चोरी छिपे युवती के मोबाइल से उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो अपने मोबाइल में ट्रांसफर कर लिए थे। इसके बाद रजत ने युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। रजत ने एक साल में सोशल मीडिया पर युवती के नाम से 30 से अधिक फर्जी आईडी बनाकर उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल कर दिए। आरोपी ने युवती के दस्तावेज समेत फोटो-वीडियो हार्ड डिस्क में सुरक्षित रखे हैं। आरोप है रजत आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। छात्रा का आधार कार्ड लगाकर आरोपी ने कई बैंकों में खाते खुलवा लिए हैं। जिससे साइबर ठगी का खतरा बढ़ गया है। वहीं सोशल मीडिया पर युवती के आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करके कोटा बुलाने का दबाब बनाता है। पिता के अनुसार, आरोपी की हकरतों से परेशान होकर उनकी बेटी ने कई बार आत्महत्या का प्रयास किया है। पिता की शिकायत पर मझोला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ठाकुरद्वारा के दो युवकों की बिजनौर में मौत, डंपर में करंट उतरने से हुआ हादसा, परिवारों में कोहराम

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा के शरीफ नगर निवासी दो युवकों की जनपद बिजनौर के नूरपुर में डंपर से रेत उतारते समय विद्युत



लाइन के तारों की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। दोनों सोमवार की सुबह करीब सात बजे वहां डंपर से रेत उतार रहे थे तभी यह हादसा हो गया। लोगों ने बताया कि डंपर के पिछले हिस्से को उठाने के दौरान वह बिजली के तारों से टकरा गया। इससे दोनों की मौत हो गई।उनकी पहचान सुहैल ( 22 ) पुत्र मोहम्मद शाहिर और सैफुल ( 30 ) पुत्र तस्लीम है। मोहम्मद सुहेल डंपर मलिक का बेटा है। सैफुल मजदूरी करता था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पत्नी को बुलाने जा रहे युवक पर चाकुओं से हमला

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ सजातीय सम्मेलन में दो माह पहले विवाह करने वाले युवक पर रविवार पूर्वाह्न साढ़े दस बजे करीब शेखा नहर पुल के समीप कुछ लोगों ने रोककर चाकुओं से हमला कर दिया। हमलावर बाइकों से भाग गए। घायल युवक ने थाने पहुंचकर सगे साले समेत उसके ससुराल के मौसा-मौसी समेत अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। जलाली कस्बे के मोहल्ला अबुल फजल निवासी जय प्रकाश पुत्र चंद्रपाल के अनुसार दो माह पहले सजातीय सम्मेलन में उसका विवाह क्षेत्र के गांव बहरामपुर नगला निवासी शिवानी पुत्री हरी बाबू के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पत्नी शिवानी का बड़ा भाई आकाश, उसकी मौसी व मौसा खुश नही थे। धमकी दी थी कि इस शादी को कामयाब नहीं होने देंगे। 30 अगस्त को शिवानी को उसकी मौसी ने बहाने से अपने घर अलीगढ़ बुला लिया। इसके बाद आकाश ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। रविवार सुबह शिवानी के फोन से कॉल कर उसकी लोकेशन पूछी। साढ़े दस बजे करीब वह बाइक लेकर पत्नी को बुलाने अलीगढ़ जा रहा था, तभी शेखा नहर पुल पर खड़े चार अज्ञात लोगों ने रोक लिया और चाकुओं से हमला कर दिया। इससे उसके दोनों हाथों और पीठ पर चाकुओं के घाव हो गए। घायल ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आकाश, ससुर हरी सिंह व मौसी-मौसा ( ससुराल पक्ष ) के विरुद्ध तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने इस घटना से अनभिज्ञता जताई है।

# जनपद न्यायाधीश के निर्देशन मे नगर पालिका के अधिकारियो के साथ बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

